राष्ट्रीय गणित दिवस 22 दिसंबर 2022

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग और वैदिक गणितीय अनुसन्धान केंद्र ने संयुक्त रूप से माननीय कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल जी के दिशानिर्देश में महान भारतीय गणितज्ञ-श्रीनिवास रामानुजन की 135वी जयंती पर 22 दिसम्बर 2022 को राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह का आयोजन किया। राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने की| उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जीवन एक विस्मयकारी यात्रा थी जिसमें रामानुजन ने न केवल कई गणितीय सिद्धांतों को सुलझाया बल्कि उन्हें उस समय के महानतम गणितज्ञों के समक्ष भी रखा। प्रो. प्रदीप कुमार ने रामानुजन के मैजिक नंबर 1729 का भी जिक्र किया और कहा कि गणित के क्षेत्र में श्रीनिवास रामानुजन का योगदान अतुल्नीय है जिसको कि भुलाया नहीं जा सकता | उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपना सुभाशीष प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की |

समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्री देश राज शर्मा, उत्तर क्षेत्र महासचिव, विद्या भारती ने श्रीनिवास रामानुजन के गणित में योगदान से प्रतिभागियों तथा संकाय सदस्यों को अवगत कराया | अपने भाषण में उन्होंने कहा कि यदि हम वास्तव में किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं तो हमें संसाधनों के न्यूनतम उपयोग के साथ लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि संसाधनों के आभाव में भी कैसे अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है| उन्होंने आगे इस बात पर बल दिया कि हमें कई डिग्रियां जमा करने के बजाय वास्तविक शिक्षा प्राप्त करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि हम समाज के लिए वास्तविक योगदानकर्ता बन सकें| विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार ने इस उपलक्ष्य में कहा कि किसी भी परिघटना को समझने के लिए गणित एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और गणित को केवल गणना और एल्गोरिदम का क्षेत्र नहीं माना जाना चाहिए| उन्होंने छात्रों को गणित की किसी भी समस्या को उसके बहुविषयक परिणामों को ध्यान में रखते हुए हल करने के लिए प्रेरित किया ताकि कारण और प्रभाव के मूल स्तर तक पहुँचा जा सकें।

राष्ट्रीय गणित दिवस के इस समारोह में भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित विभिन्न छात्र उन्मुख गतिविधियों जैसे कि गणितीय डंब सराज, गणितीय मॉडल, पोस्टर प्रस्तुति, गणितीय रंगोली, पाई अंक प्रतियोगिता, गणितीय प्रश्नोत्तरी और गणितीय वार्ता का आयोजन किया गया, जिनका मुख्य उद्देश्य छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करना तथा उनके अंदर छुपी हुई गणितीय प्रतिभा को उजागर करना था। विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभाओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया ।

समारोह में आयोजित सभी गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि श्री देश राज शर्मा एवं विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. राकेश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन के अंत में सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया । इस समारोह को सफल बनाने में गणित विभाग के सभी प्राध्यापकों, शोध छात्रों तथा विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा | विभिन्न प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किये गए:

समूह आधारित प्रतियोगिता गणितीय रंगोली में समूह ए के प्रतिभागियों शाइनी, श्रुति, आर्यन, कनिका और नेहा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया | द्वितीय पुरस्कार समूह एफ से मंजू, गरिमा, पल्लवी, शिल्पा और दीपिका के नाम रहा जबकि तृतीय पुरस्कार समूह बी. से विवेक, निखिल, रवि, पंकज और यशपाल ने प्राप्त किया |

पाई अंक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार क्रमशः सिद्धार्थ, गरिमा और विवेक को मिला |

गणितीय प्रश्नोत्तरी में प्रथम पुरस्कार विवेक को मिला | द्वितीय पुरस्कार साहिल ने प्राप्त किया जबकि तृतीय पुरस्कार डिंपल चौहान के नाम रहा |

गणितीय वार्ता में साहिल ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, शौर्य कंवर ने गणित का दर्शनशास्त्र विषय पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया जबकि भारतीय गणित का योगदान विषय पर तृतीय पुरस्कार पीयूष शर्मा को मिला |

गणितीय डंब सराज में प्रथम पुरस्कार टीम-1 से कशिश, शिवली और दीक्षा को मिला जबकि द्वितीय पुरस्कार टीम-7 से श्रुति, शाइनी और कनिका के नाम रहा | तृतीय पुरस्कार टीम-5 से यशपाल, स्मृति और शिया के नाम रहा|

गणितीय मॉडल में समूह बी से ज्योति प्रकाश, मंजू ठाकुर और पल्लवी ठाकुर को प्रथम पुरस्कार, समूह डी से श्वेता, अंकिता और उर्मिका को द्वितीय पुरस्कार तथा समूह ए से दीपिका, गरिमा और कुलदीप को तृतीय पुरस्कार मिला |

पोस्टर प्रस्तुति में ऋतिका ठाकुर को प्रथम पुरस्कार, शिया धीमान को द्वितीय पुरस्कार और स्मृति ठाकुर को तृतीय पुरस्कार मिला |

प्रोफेसर राकेश कुमार

विभागाध्यक्ष, श्रीनिवासा रामानुजन गणित विभाग
Head Srinivasa Ramanujan Department of Mathematics
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
अस्थायी शैक्षणिक खण्ड/Temporary Academic Block
शाहपुर, काँगड़ा (हि०प्र०)/Shahpur, Kangra (H.P.)-176206